# वित्त वर्ष 2026 तक 25.5 फीसदी सीएजीआर से आगे बढ़ने वाली इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में कार्यरत प्रमुख कंपनी है 'सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि.'

## 12 अगस्त,2022 को खुलकर 18 अगस्त, 2022 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** देश में सबसे तेज बढ़ने वाली इंडस्ट्री में इलेक्ट्रोनिक्स इंडस्ट्री का नाम प्रमुखता से आता है। 'सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि.' इस इंडस्ट्री में कार्यरत प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा रिसर्च एवं डवलपमेंट इकाई विकसित करने, विस्तार करने एवं निर्माण इकाई की स्थापना हेतु पूंजी जुटाने व कार्यशील पूंजी जुटाने के लिये आईपीओ लाया जा रहा है।

**कंपनी का बिजनेसः** कंपनी एक टेक्नोलॉजी फोकस्ड इंजीनियरिंग एवं डिजाइन कंपनी है जो कि टर्न-की इलेक्ट्रोनिक्स मैन्यूफेक्चरिंग सर्विसेज, एंड यूज इंडस्ट्रीज के लिये प्रीसिजन निर्माण करती है, जिसमें इंडस्ट्रीयल एप्लायंस, ऑटोमोटिव, हैल्थकेयर, कंजूमर प्रोडक्ट्स और आईटी इंडस्ट्रीज शामिल हैं। एफ एंड एस रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी देश की प्रमुख ईएमएस कंपनी है और साथ ही भारतीय मुख्यालय वाली देश की सबसे तेज गति से उभरती हुई ईएसडीएम कंपनी है। कंपनी आईईएम को भी सम्मिलित सर्विसेज एवं सॉल्यूशन देती है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी कस्टम आरआईएफडी टैग्स की प्रमुख वैश्विक निर्माता कंपनी है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बलीज (पीसीबीए), रेडिया फ्रिक्वेंसी आईडेंटीफिकेशन प्रोडक्ट्स (आरएफआईडी), इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एवं इलेक्ट्रोमैकेनिकल पार्ट्स, मदर बोर्ड्स और मेमोरी प्रोडक्ट्स जैसे डीआरएएफ मॉड्यूल्स,सॉलिड स्टेट और यूएसबी ड्राईव्स शामिल है।

**देश में इलेक्ट्रोनिक्स इंडस्ट्री की स्थितिः** वित्त वर्ष 2021 में देश का कुल इलेक्ट्रोनिक्स मार्केट का आकार, जिसमें घरेलु इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादन एवं इलेक्ट्रोनिक्स प्रोडक्ट्स का आयात शामिल है, 6711 बिलियन रुपये रहा है। यह वित्त वर्ष 2026 तक 25.5 फीसदी की सीएजीआर से बढ़कर 20873 बिलियन रुपये होने की संभावना है। वित्त वर्ष देश के कुल इलेक्ट्रोनिक्स मार्केट में घरेलु रूप से इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादन की हिस्सेदारी 74 फीसदी थी जो कि देश में बढ़ते इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादन इकोसिस्टम एवं




विभिन्न सरकारी सहायक उपायों से वित्त वर्ष 2026 तक बढ़कर 96 फीसदी होने की संभावना है। कम लागत के चलते वैश्विक इलेक्ट्रोनिक डिजाइन एवं निर्माण क्षेत्र में मल्टीनेशनल कंपनियों का ध्यान भारत की ओर मुड़ रहा है। वहीं भारत उच्च क्वालिटी डिजाइन वर्क के लिये भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है। बहुत सी मल्टीनेशनल कंपनियां देश में अपना केन्द्र स्थापित कर रही है और कंपनी 'सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि.' ईएसडीएम क्षेत्र में भारतीय मुख्यालय वाली तेज से गति से बढ़ने वाली कंपनी है। देश का इलेक्ट्रोनिक घरेलु उत्पादन वित्त वर्ष 2021 के स्तर 4975 बिलियन रुपये के मुकाबले 32.3 फीसदी सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 तक 20133 बिलियन और इलेक्ट्रोनिक घरेलु उपभोग वित्त वर्ष 2021 के स्तर 18.4 फीसदी सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 तक 13769 बिलियन रुपये होने की संभावना है। देश में स्टॉर्टअप कंपनियां तेजी से इलेक्ट्रोनिक उत्पाद निर्माण में आगे बढ़ रही है और 'सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि.' का स्टॉर्टअप इकोसिस्टम के साथ गहरा जुड़ाव है।

| | |
|---|---|
| Syrma IPO Date | Aug 12, 2022 to Aug 18, 2022 |
| Syrma IPO Face Value | ₹10 per share |
| Syrma IPO Price | ₹209 to ₹220 per share |
| Syrma IPO Lot Size | 68 Shares |
| Issue Size | [.] shares of ₹10 (aggregating up to ₹840.00 Cr) |
| Fresh Issue | [.] shares of ₹10 (aggregating up to ₹766.00 Cr) |
| Offer for Sale | 3,369,360 shares of ₹10 (aggregating up to ₹[.] Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | BSE, NSE |
| Company Promoters | The promoters of the company are Sandeep Tandon, Jasbir Singh Gujral, Veena Kumari Tandon and Tancom Electronics Private Limited. Promoters collectively hold 58.78% of the Equity Share as of Dec 31st, 2021. |

**आईपीओ का मूल्यांकनः** पोस्ट आईपीओ एनएवी 82.78 रुपये के आधार पर कंपनी का शेयर अपर प्राईस बैंड के आधार पर 2.66 के प्राईस टू बुक वेल्यू पर मिल रहा है। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 के बेसिक ईपीएस 4.97 के आधार पर कंपनी का आईपीओ करीब 44 के पीई मल्टीपल पर उपलब्ध हो रहा है।

हाई ग्रोथ और अच्छे कर पश्चात लाभ मार्जिन करीब 5.5 फीसदी को देखते हुये कंपनी के आईपीओ मूल्यांकन वाजिब लग रहा है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारीः** 'सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि.' का आईपीओ बीएसई और एनएसई के मैनबोर्ड पर 12 अगस्त को खुलकर 18 अगस्त,2022 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 209 रुपये से 220 रुपये प्रति शेयर के भाव से शेयर जारी कर 840 करोड़ रुपये जुटा रही है। कंपनी द्वारा 766 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर और ऑफर फोर सेल के जरिये 3369360 शेयर जारी कर पूंजी जुटाई जा रही है। कंपनी के आईपीओ का लॉट साईज 68 शेयरों का है यानि कि रिटेल निवेशकों को कम से कम 14960 रुपये और अधिकत्तम 13 लॉट के लिये 194480 रुपये निवेश करने होंगे। कंपनी के प्रवर्तक संदीप टंडन, जसबीर सिंह गुजराल, वीना कुमार टंडन और टंडन इलेक्ट्रोनिक्स प्राईवेट लिमिटेड है। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन लीड मैनेजर कंपनियां डेम केपिटल एडवाईजर्स लि., आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लि. और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लि. है।

# वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में सतलज टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लि. के राजस्व में 44 फीसदी एवं कर पश्चात शुद्ध लाभ में 123 फीसदी की वृद्धि दर्ज

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** भवानीमंडी आधारित टेक्सटाइल कंपनी सतलज टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में अच्छा प्रदर्शन किया है। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी ने 30 जून,2022 को समाप्त तिमाही में गत वित्त वर्ष में अर्जित 591 करोड़ रुपये के मुकाबले 44 फीसदी अधिक 853 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष में अर्जित 20 करोड़ रुपये के मुकाबले 123 फीसदी अधिक 45 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उक्त अवसर पर कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन सी.एस.नोपानी ने कहा कि

"वस्त्र उद्योग के सामने प्रमुख चुनौती कच्चे माल की बढ़ती कीमतें हैं और इसके फलस्वरूप सभी कपड़ा उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं। हालांकि इससे मध्यम अवधि में मांग पर दबाव बनने की संभावना है। हम नई कपास की फसल के आगमन के साथ एक अनुकूल मानसून के चलते स्थिति को आसान होते देख रहे हैं। आने वाले त्योहारों , चाइना प्लस फेक्टर और टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल जैसे अन्य सकारात्मक पहलुओं के चलते हम ग्रोथ जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

वर्तमान गतिशीलता के बावजूद कंपनी ने तिमाही में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि हम चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के प्रति सचेत हैं और प्रभावी कारोबारी क्रियान्वयन नियमित रखेंगे।"

# गेल की शेयर पूंजी को दोगुना करने की योजना, नए कारोबारी क्षेत्रों में उतरेगी

**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड अपनी शेयर पूंजी को दोगुना करने के साथ-साथ अपने कारोबार में विशेष रसायन और स्वच्छ ऊर्जा जोड़ने की योजना बना रही है। इसके साथ सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनी प्राकृतिक गैस पारेषण और वितरण से परे कारोबार में विविधता लाना चाहती है। गेल ने अगले तीन से चार साल में अपनी विस्तार योजनाओं के तहत वित्त जुटाने के लिए कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को मौजूदा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये करने को लेकर शेयरधारक की मंजूरी मांगी है। कंपनी दरअसल एक राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनाने के साथ-साथ शहरी गैस वितरण का विस्तार करने के लिए प्राकृतिक गैस ट्रक पाइपलाइन बिछा रही है।

**RAJASTHAN TUBE MANUFACTURING COMPANY LIMITED**
CIN:L27107RJ1985PLC003370
REGD. OFF.: 28-37, BANKE BIHARI INDUSTRIAL AREA, JATAWALI MOD, MAHARKALA ROAD, VILLAGE DEHRA TEH.CHOMU, JAIPUR-303806, Email:rajtube@hotmail.com; Website: www.rajtube.com

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2022**

(Rs. In Lacs, unless otherwise stated)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2022 Unaudited | Quarter Ended 30.06.2021 Unaudited |
|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 3259.69 | 1535.15 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period from ordinary activities (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 20.10 | 33.66 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 20.10 | 33.66 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 20.10 | 33.66 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 20.10 | 33.66 |
| 6 | Equity Share Capital(Face Value Rs 10/-) | 449.99 | 449.99 |
| 7 | Earnings Per Share - | | |
| | 1.Basic: | 0.45 | 0.75 |
| | 2.Diluted | 0.45 | 0.75 |

**Notes: 1.** The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2022, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange (www.bseindia.com) and Company's website(www.rajtube.com) **2.**The above Unaudited Results for Quarter ended 30th June 2022 have been reviewed by audit committee and approved by the board of Directors at their respective meeting held on 09th August, 2022. **3.**The Company is engaged in the business of manufacturing of ERW Steel Tubes. As there is only one reportable segment, the company has not given any segment information. **4.** These financial results have been prepared in accordance with indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act 2013 read with the relevant Rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the SEBI( Listing obligations & Disclosure Requirements) Regulations 2015. **5.** Provision for taxation will be considered at year end.

Place : Jaipur
Date: 09th August,2022

**For and on behalf of Board**
**Harish Chand Jain**
Managing Director
DIN: 01504391

**जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 47/10, किरणपथ मानसरोवर, जयपुर राजस्थान-302020
कार्य कार्यालयः एन.एच-8, सुखेर, डायमंड पेट्रोल पंप के सामने, उदयपुर-313001 (राजस्थान)
दूरभाषः 0294-2441666,2441777, वेबसाइटः www.jainmarmo.com, ई-मेल- jainmarmo_udr@yahoo.com
सीआईएनः L14101RJ1981PLC002419

**30 जून 2022 को समाप्त तिमाही गैरअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2022 (गैर-अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30 जून 2021 (गैर-अंकेक्षित) | समाप्त वार्षिक 31 मार्च 2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 23.85 | 28.78 | 163.62 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | -9.70 | -3.15 | -11.98 |
| अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | -9.70 | -3.15 | -11.98 |
| अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | -7.10 | -2.34 | -9.83 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | -7.10 | -2.34 | -8.42 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 313.06 | 313.06 | 313.06 |
| आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | - | - | - |
| आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) (नियमित व अनियमित संचालन के लिएं) 1. मूल और तनुकृतः | -0.23 | -0.07 | -0.31 |

क) उपरोक्त 30 जून,2022 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 8 अगस्त 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
टिप्पणी - उपरोक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल किए गए तिमाही और वर्ष के परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 जून 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.jainmarmo.com) पर उपलब्ध हैं।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**कृते/-**
**संजय जैन**
**पूर्ण कालि निदेशक**
DIN:- 01275806

स्थानः उदयपुर
दिनांकः 08.08.2022

# निफ्टी फ्यूचर 17474 अंक महत्वपूर्ण स्तर

**दिनांक 10.08.2022 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 08.08.2022 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 17560 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 17505 अंक के सबसे महत्वपूर्ण स्तर 17474 अंक, 17404 अंक को छू सकता है और सबसे महत्वपूर्ण 17676 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ कारोबार कर सकता है। निफ्टी फ्यूचर में 17808 अंक महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 08.08.2022 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 38301 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित बैंक निफ्टी फ्यूचर 38188 अंक के सबसे महत्वपूर्ण स्तर 38008 अंक, 37808 अंक को छू सकता है और सबसे महत्वपूर्ण 38676 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ कारोबार कर सकता है। बैंक निफ्टी फ्यूचर में 38808 अंक महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**लार्सन एंड टूब्रो ( 1834 ) :-** इंजीनियरिंग, डिजाइनिंग और कंस्ट्रक्शन ग्रुपकी इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1818 रुपये के आसपास है। 1808 रुपये के सख्त स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक कम समय में 1853 रुपये से 1860 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1873 रुपये पर बुलिश ट्रेंड...!!!

**ग्रासीम इंडस्ट्रीज ( 1592 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1573 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 1560 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला स्टॉक



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत**

1606 रुपये से 1620 रुपये तक



के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!!

**गोदरेज प्रॉपर्टीज ( 1374 ) :-** पहला स्टॉप लॉस 1347 रुपये और दूसरा स्टॉप लॉस 1330 रुपये के साथ, निवेश उन्मुख रेजिडेंसियल, कॉमर्शीयल प्रोजेकट सेक्टर का यह शेयर 1390 रुपये से 1404 रुपये तक का तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**भारत फोर्ज ( 713 ) :-** कास्टिंग और फोर्जिंग के शेयर में 722 रुपये से 730 रुपये तक की शॉर्ट टर्म ट्रेडिंग क्षमता है...!! 696 रुपये के अनुमानित स्टॉपलॉस पर एक नज़र रखें...!!!

**विप्रो लिमिटेड ( 438 ) :-** 02 रुपये का फेस वैल्यू वाला फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 424 रुपये स्टॉप लॉस के साथ खरीदने के लिए उपलब्ध है। टेक्नोलोजी सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 448 रुपये से 460 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**एचडीएफसी लिमिटेड ( 2402 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार हाउसिंग फाइनान्स कंपनी सेक्टर के इस शेयर का लक्ष्य करीब 2388 रुपये से 2373 रुपये के आसपास के मुनाफे पर बिकवाली होने की संभावना है। व्यापारिक उद्देश्यों के लिए 2447 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!!

**महिंद्रा एंड महिंद्रा ( 1281 ) :-** इस शेयर को 1303 रुपये के स्टॉप लॉस पर, लगभग 1313 रुपये में एक ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बेचा जा सकता है..!! इसकी कीमत 1266 रुपये से 1247 रुपये चरणों में दिखाने की संभावना है...!! 1320 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल...!!!

**आईसीआईसीआई बैंक ( 839 ) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर का यह स्टॉक 860 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बिक्री के लिए है। प्रतिक्रियात्मक कमी के साथ 828 रुपये से 818 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!!

**डाबर इंडिया ( 587 ) :-** चार्ट के मुताबिक पर्सनल केर सेक्टर के इस शेयर को करीब 599 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 575 रुपये से 560 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 608 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!!

**अंबुजा सीमेंट्स ( 382 ) :-** इस शेयर को करीब 393 / 404 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 373 रुपये से लेकर 360 रुपये तक रहने की संभावना है। 414 रुपये पर बुलिश ट्रेंड...!!!

लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं।

विशेष नोट:- डिस्कलमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

# जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लि. ने जून तिमाही में किया शानदार प्रदर्शन

## प्राईवेट प्लेसमेंट के आधार पर एनसीडी कर 50 करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव मंजूर

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** उदयपुर मुख्यालय वाली देश की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने 30 जून,2022 को समाप्त तिमाही में शानदार वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किये हैं। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी ने गत वित्त वर्ष में अर्जित 2274.43 करोड़ रुपये के मुकाबले 2705.90 करोड़ रुपये का कुल राजस्व अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष में अर्जित 293.66 करोड़ रुपये के मुकाबले 540.47 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने 22.88 रुपये के मुकाबले 41.87 रुपये का ईपीएस अर्जित किया है। कंपनी का डेब्ट इक्विटी रेश्यो 1.20 गुना के मुकाबले घटकर 1.04 गुना रह गया है। जून तिमाही में कंपनी की नेटवर्थ 4147.05 करोड़ रुपये से बढ़कर 5121.25 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं जून तिमाही में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 9.77 फीसदी के मुकाबले 15.04 फीसदी रहा है।

**एनसीडी जारी कर 50 करोड़ रुपये जुटायेगीः** कंपनी की बोर्ड मीटिंग में प्राईवेट प्लेसमेंट के आधार पर 10,00,000 प्रत्येक की 500 एनसीडी जारी कर 50 करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव मान्य एवं स्वीकृत किया गया। एनसीडी को बीएसई होलसेल डेब्ट मार्केट सेगमेंट में लिस्ट किया जाना प्रस्तावित है। एनसीडी की अवधि 6 वर्ष 364 दिन है और ब्याज राशि 8 प्रतिशत प्रति वर्ष है।

# 'भारत में मंदी की कोई संभावना नहीं'

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत के संबंध में, मंदी की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उपभोक्ता खर्च उतना लीवरेज या क्रेडिट संचालित नहीं है जैसा कि पश्चिमी देशों में है। भारत की अग्रणी वेल्थ ब्रोकिंग और निवेश सलाहकार फर्म में से एक, यस सिक्योरिटीज के इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के प्रमुख अमर अंबानी का मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में धीमापन तो होगा लेकिन मंदी नहीं। यस सिक्योरिटीज की शोध टीम ने निफ्टी को 2022 तक 21,000 और 2025 में 32,000 तक पहुंचने की संभावना जताई है। असंगठित क्षेत्र से संगठित क्षेत्र में एक स्पष्ट व्यापार बदलाव, डिजिटल सुपर साइकिल में एक उल्लेखनीय त्वरण, निरंतर मार्जिन सहित कई अनुकूल कारकों को देखते हुए महामारी-लागू विवेकपूर्ण लागत प्रबंधन से, सभी सूचीबद्ध स्थान को लाभान्वित कर रहे हैं। जैसे-जैसे वैश्विक स्तर पर चीजें सुधरती हैं, यस सिक्योरिटीज का भी मानना है कि एफपीआई वापस आएंगे, जो इन बाजारों को काफी ऊंचे स्तर पर ले जाएंगे और इस साल की तुलना में वित्त वर्ष 24 में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश दुनिया की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत की युवा आबादी के साथ इस खपत को बढ़ावा देगा। गिग इकॉनमी में इस दशक में 80 मिलियन से अधिक नौकरियों के जुड़ने की उम्मीद है और सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 10% तक बढ़ने की उम्मीद है। आय का मौसम दूरसंचार, पूंजीगत सामान, फार्मा, बैंक, परिसंपत्ति प्रबंधन, रियल एस्टेट, सीमेंट, विवेकाधीन और भवन निर्माण सामग्री जैसे क्षेत्रों के लिए विकास को बढ़ावा देगा।



**अमर अंबानी**
**प्रमुख, इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज, यस सिक्योरिटीज**

**ईनाणी मार्बल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः आरजी न.: 1312, उदयपुर-भीलवाड़ा राजमार्ग, माताजी की पांडोली के पास, चित्तौडगढ़-312001 (राजस्थान)
ई-मेलः inanimarble@gmail.com, वेबसाइटः www.inanimarbles.com, दूरभाषः 0091-1472-240111
सीआईएनः L14101RJ1994PLC008930

**30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का ब्यौरा**

रुपये लाखों में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अनअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचलनों से कुल आय | 2,548.15 | 2611.91 | 1,651.12 | 8,412.97 |
| 2. | असामान्य तथा/या अवधि के दौरान शुद्ध लाभ/(हानि) (कर,असाधारण मदें पूर्व) | 82.77 | 128.87 | 42.19 | 428.53 |
| 3. | असामान्य तथा/या अवधि के दौरान शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (असाधारण मदों के पश्चात) | 82.77 | 128.87 | 42.19 | 428.53 |
| 4. | असामान्य तथा/या अवधि के दौरान शुद्ध लाभ (हानि) कर उपरांत (असाधारण मदों के पश्चात) | 66.25 | 83.24 | 36.49 | 325.31 |
| 5. | अवधि के दौरान कुल व्यापक आय (इस अवधि के दौरान लाभ/(हानि) (कर उपरांत) और अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) को मिलाकर | 66.25 | 83.24 | 36.49 | 325.31 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 372.00 | 372.00 | 372.00 | 372.00 |
| 7. | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकित आरक्षित निधि के अतिरिक्त) गत वर्ष के अंकेक्षित लेखा पत्र में दर्शाये गये | - | 4,738.62 | - | 4,738.62 |
| 8. | आय प्रति शेयर (2 रुपये प्रति शेयर) (नियमित और अनियमित कार्यों से) | | | | |
| | 1) मूल | 0.36 | 0.45 | 0.20 | 1.75 |
| | 2) तनुकृत | 0.36 | 0.45 | 0.20 | 1.75 |

टिप्पणी
समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार उपरोक्त है, जो सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड को दाखिल किया गया है। समाप्त तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.inanimarbles.com पर उपलब्ध है।

ईनाणी मार्बल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
कृते/-
महेश कुमार ईनाणी
संयुक्त प्रबंध निदेशक (DIN 00322735)

दिनांक : 08/08/2022
स्थानः चित्तौडगढ़